दिनांक : 13.07.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

मुख्य समाचार :–

- सात राज्यों के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए हुए उप चुनाव के परिणाम घोषित।
- छिंदवाडा जिले की अमरवाडा विधानसभा उप चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से सीट छीनी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुंबई में उद्योगपतियों से मध्यप्रदेष में निवेश बढ़ाने किया संवाद।

और

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित षाह का कल मध्यप्रदेष दौरा, सभी जिलों में करेंगे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का षुभारंभ।

.......................

उपचुनाव

**सात राज्यों के 13 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को हुए उप चुनाव में कांग्रेस और तृणुमूल कांग्रेस ने चार-चार सीटें जीती हैं। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों ने दो सीटे जीती हैं जबकि आम आदमी पार्टी और डीएमके ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की है। बिहार की रूपौली विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार शंकर सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार कलाधर प्रसाद मंडल को आठ हजार दो सौ 46 मतों से पराजित कर दिया है।**

**पंजाब में सत्तारूढ आम आदमी पार्टी ने जालंधर पश्चिम आरक्षित विधानसभा सीट जीत ली है। हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ कांग्रेस ने देहरा और नालागढ की विधानसभा सीटें जीत ली है जबकि भारतीय जनता पार्टी ने हमीरपुर विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की है। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ तृणमूल कांग्रेस ने रायगंज, राणाघाट दक्षिण, मानिकतला और बागदा सीटें जीती है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कमलेश प्रताप शाह ने अमरवाडा सीट पर जीत दर्ज की है।**

अमरवाडा उप चुनाव

छिंदवाडा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव भाजपा ने जीत लिया है। 10 जुलाई को हुए मतदान के बाद आज सुबह आठ बजे से मतगणना प्रारंभ हुई। पहले तीन राउंड तक भाजपा आगे रही। फिर उतार–चढ़ाव के साथ 17वें राउंड तक कांग्रेस के धीरन

शाह लीड बनाए हुए थे। लेकिन 18वें राउंड के बाद भाजपा प्रत्याषी कमलेष षाह ने बढत बनाई और अंत में 3 हजार से अधिक वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। भाजपा की कांग्रेस पर 16 साल बाद जीत हुई है।

सायबर तहसील

प्रदेष में राजस्व विभाग की सेवाओं के प्रदाय को सायबर तहसील के माध्यम से अधिक जनहितैषी बनाया गया है। सायबर तहसील के माध्यम से प्रदेश में 72 हजार से अधिक मामलों का निराकरण किया गया है। प्रथम चरण में सायबर तहसील में सम्पूर्ण खसरा भूमि के विक्रय–पत्रों का नामांतरण प्रारम्भ किया गया है, जिसका विस्तार सभी प्रकार के अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे के मामलों के लिए निकट भविष्य में किये जाने की योजना है।

आयकर संग्रहण

आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए प्रत्यक्ष कर के रूप में छह लाख 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक कर एकत्र किये हैं। इस महीने की 11 तारीख तक 70 हजार 902 करोड़ रुपये की कर वापसी जा चुकी है। आयकर विभाग द्वारा बताया गया है कि कुल संग्रह राशि में दो लाख 65 हजार 336 करोड़ रुपये कॉर्पोरेट कर, तीन लाख 61 हजार 862 करोड़ रुपये व्यक्तिगत आयकर और एक हजार 426 करोड़ रुपये अन्य कर शामिल हैं। पूर्ण प्रत्यक्ष कर संग्रह में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो पांच लाख 74 हजार करोड़ रुपये से अधिक है।

मप्रः इन्टरेक्टिव सेशन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों को बढ़ाने के लिये आज मुंबई में विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगपतियों को इन्टरेक्टिव सेशन में संबोधित किया। डॉ. मोहन ने कहा है कि मध्यप्रदेश में लगातार निवेश बढ़ रहा है। उद्योग, व्यापार, व्यवसाय की दृष्टि से मध्यप्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना है। एनर्जी, टूरिज्म, हेल्थ, माइनिंग जैसे सभी सेक्टर में समान रूप से निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य शासन ने बजट में भी उद्योग–व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए पर्याप्त प्रावधान किए है। इन्टरेक्टिव सेशन में जीआईएस–2025 को सफल बनाने प्रमुख उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से राउण्ड टेबल मीटिंग एवं वन–टू–वन चर्चा भी की। इंटरेक्टिव सेशन के प्रारंभ में प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र सिंह द्वारा मध्यप्रदेश की निवेश क्षमताओं संबंधी जानकारी दी गई। मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश अवसरों और मुख्य पर्यटन स्थलों पर केन्द्रित फिल्म प्रदर्शित की गई। सेशन में औद्योगिक परिप्रेक्ष्य में प्रमुख उद्योगपतियों द्वारा उद्बोधन दिया गया और समूह चर्चा भी हुई।

गृह मंत्री दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने वाले ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत इंदौर जिले में 14 जुलाई को 11 लाख पौधे लगाने का विष्व रिकार्ड बनाने की तैयारी है। इस अभियान में षामिल होने के लिए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह कल इंदौर के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वे सुबह पितृ पर्वत पर पितरेष्वर हनुमान मंदिर में दर्षन और पूजन के साथ अपने दौरे की षुरुआत करेंगे। इसके बाद वे सीमा सुरक्षा बल के रेवती रेंज में ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत 11 लाख पौधों के रोपण कार्यक्रम की षुरुआत करेंगे। श्री षाह दोपहर 2 बजे मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन समारोह

में बतौर मुख्य अतिथि षामिल होंगे। यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला व वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

वेव्स शिखर सम्मेलन

भारत इस वर्ष 20 से 24 नवंबर तक गोवा में पहले विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन – वेव्स की मेजबानी करेगा। आज दिल्ली में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े फिल्म निर्माता देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि वेव्स भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के भविष्य को आकार देने वाला महत्वपूर्ण आयोजन साबित होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वेव्स भारत के मनोरंजन उद्योग के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि मीडिया और मनोरंजन जगत संरचनात्मक बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

संभावना

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि "संभावना" का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कल 14 जुलाई को दोपहर 2 बजे से लक्ष्मण बारस्कर एवं साथी, बैतूल द्वारा कोरकू जनजातीय गदली–थापटी नृत्य एवं उत्तम सिंह गोण्ड और साथी, सागर द्वारा सैरा नृत्य की प्रस्तुति का संयोजन किया जा रहा है।

समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेष हाईकोर्ट की जबलपुर बेंच में मनमानी फीस वसूली और पाठ्यपुस्तक गडबडी मामले में न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने आरोपितों को जमानत का लाभ देने से इनकार कर दिया। गिरफ्तार किए गए प्राचार्य, स्कूल प्रबंधक, पुस्तक विक्रेता और प्रकाशकों की ओर से जमानत आवेदन दिए गए थे।
- शहडोल जिले में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान जारी है। आज पुलिस लाईन में पौधरोपण किया गया। इंजीनियरिंग कॉलेज में संभाग आयुक्त बीएस जामोद और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कुमुदिनी पटेल ने प्राध्यापकों और छात्रों के साथ मिलकर एक पौधा मां के नाम लगाया है।
- रायसेन जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया जा रहा है। अभियान में आम नागरिकों की सहभागिता को लेकर नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यकम आयोजित हो रहे हैं।
- छतरपुर जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड छतरपुर द्वारा स्टॉप डायरिया अभियान शासकीय माध्यमिक शाला ग्राम खोंप में चलाया गया।
- बैतूल में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। स्कूलों में शिक्षक समय पर पहुंच रहे हैं इसको लेकर सघन निरीक्षण किए जा रहे हैं।

-------------------